प्रादेशिक समाचार
दिनांक–27.06.2024 (दोपहर–1455 बजे)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि सरकार नीट पेपर लीक की निष्पक्ष जांच और दोषियों के लिए कड़ी सजा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। संसद की संयुक्त बैठक में अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए देश भर में ठोस कदम उठाना महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति ने सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि दस साल में देश ग्यारहवें स्थान से उठकर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

''''''''''''''''''''''

नीट पेपर लीक मामले की जांच कर रही सीबीआई की टीम हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्राचार्य एहसान उल हक को आज एक बार फिर स्कूल लेकर पहुंची है। स्कूल परिसर में प्राचार्य से आज भी पूछताछ की जा रही है। सीबीआई ने प्राचार्य को कल रात भर चरही गेस्ट हाउस में हिरासत में रखा था। सात अन्य लोगों को अभी भी चरही गेस्ट हाउस में ही रखा गया है जबकि तीन लोगों को पूछताछ के बाद कल शाम छोड़ दिया गया था। बताया जा रहा है कि सीबीआई को पूछताछ में कुछ अहम सुराग मिले हैं।

''''''''''''''''''''''

रांची स्थित पीएमएलए कोर्ट ने आज बड़गाई अंचल के आठ दशमलव चार छह एकड़ जमीन घोटाले के आरोपी राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित 12 की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी है। इससे पूर्व जेल में बंद हेमंत सोरेन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया। पेशी के बाद अदालत ने सभी बारह आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि दो सप्ताह बढ़ा दी। अगली पेशी 11 जुलाई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ही की जाएगी।

''''''''''''''''''''''

बोकारो जिले में कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराईयों पर अंकुश लगाने के लिए खास पहल की जा रही है।

''''''''''''''''''''''

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने खूंटी जिले के तोरपा थाना क्षेत्र से प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के एरिया कमांडर विष्णु मांझी के साथ एक अन्य नक्सली सामू डोडराय को गिरफ्तार किया है। तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खिस्टोफर केरकेट्टा ने नक्सलियों के पास से हथियार और कारतूस के अलावा कई अन्य आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयी हैं।

''''''''''''''''''''''

झारखंड हाई कोर्ट में ऑटो चालकों के लिए नियम बनाने और ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर आज सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने परिवहन विभाग, रांची नगर निगम, रांची के एसएसपी और डीसी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि ऑटो चालक और ई–रिक्शा चालक ड्रेस कोड का पालन करें। अदालत अब इस मामले में चार जुलाई को सुनवाई करेगा।

''''''''''''''''''''''

सरायकेला–खरसावां जिले में एसीबी की टीम ने भूमि सुधार उपसमाहर्ता कार्यालय की लिपिक स्वागता नंदा को आज आठ हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

उनपर म्यूटेशन संबंधित दर्ज अपील की फाइल आगे बढ़ाने के एवज में घूस लेने का आरोप है। एसीबी की टीम लिपिक को गिरफ्तार कर जमशेदपुर ले गयी है।

''''''''''''''''''''''

राष्ट्रीय जांच एजेंसी, एनआईए ने आज टेरर फंडिंग मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए राज्य के पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर में छापा मारा है। एनआईए रांची की टीम ने सुबह मनोहरपुर स्थित जोगी भट्ठा में दबिश दी। अफसरों के मुताबिक, एक करोड़ रुपये के इनामी मिसिर बेसरा और माओवादियों के फ्रंटल ऑर्गेनाइजेशन के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है।

''''''''''''''''''''''

मौसम विभाग ने राज्य में अगले तीन–चार दिनों में दक्षिण–पश्चिम मानसून के पूरी तरह सक्रिय होने का अनुमान व्यक्त किया है। मौसम केंद्र रांची के प्रभारी अभिषेक आनंद ने बताया कि एक टर्फ झारखंड से गुजरते हुए मणिपुर की ओर जा रहा है, जिसके असर से आज कुछ स्थानों पर हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है। 28, 29 और 30 जून को भी कई स्थानों पर बारिश हो सकती है।

'''''समाप्त'''''''''''